प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 25.03.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने एक नफर वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी त्यौहारों एवं प्रस्तावित लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 25.03.2024 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक एवं श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली महोबा द्वारा गठित की गई उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल व उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना कोतवाली में पंजीकृत मु0अ0सं0-154/2024 धारा 323/504/506/452 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आकाश सिंह पुत्र राजीव सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी निवासी नैनी थाना नैनी जनपद इलाहाबाद हाल मुकाम राठ चुंगी थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को राठ चुंगी पर होलिका स्थल के पास से हिरासत में लिया इस दौरान अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर महोबा में मु0अ0सं0- 157/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -

आकाश सिंह पुत्र राजीव सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी निवासी नैनी थाना नैनी जनपद इलाहाबाद हाल मुकाम राठ चुंगी थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल प्रभारी चौकी सुभाष थाना कोतवाली नगर जिला महोबा

2.उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा प्रभारी चौकी बजरिया थाना कोतवाली नगर जिला महोबा

3. हे0कां0 रावेन्द्र सोनकर



# थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी त्यौहारों एवं प्रस्तावित लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 25.03.2024 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक एवं श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई द्वारा गठित की गई उ0नि0 रामेन्द्र कुमार गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर एक नफर अभियुक्त अखिलेश पुत्र आशादीन उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम गुगौरा चौकी थाना कबरई जनपद महोबा को गुगौरी चौकी सड़क के किनारे बने मन्दिर के पास बहद ग्राम गुगौरा चौकी थाना कबरई जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कबरई में मु0अ0सं0 84/24 धारा 3/25 ए एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद गिरफ्तारी अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 रामेन्द्र कुमार गौतम
2. कां0 धर्मेन्द्र यादव

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

अखिलेश पुत्र आशादीन उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम गुगौरा चौकी थाना कबरई जनपद महोबा

**बरामद सम्पत्तिः-** 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद होना।



## आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब के विरुद्ध की जा रही ताबड़तोड़ कार्यवाही के क्रम में थाना चरखारी की संयुक्त पुलिस टीम ने की बड़ी कार्यवाही। 30 अदद क्वार्टर देशी व 30 लीटर कच्ची अवैध शराब सहित 03 अभियुक्ताओं को किया गिरफ्तार, भारी मात्रा में मिश्रित लहन को किया गया नष्ट-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपदीय पुलिस टीम द्वारा ताबडतोड कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री एवम् परिवहन की रोकथाम व इसमें लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 24.03.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी द्वारा संयुक्त पुलिस एवं आबकारी टीमों का गठन किया गया।

- उ0नि0 मतगंजन मिश्रा के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ अभियुक्त आशीष राजपूत पुत्र रामकिशन उम्र 25 वर्ष नि0ग्राम गौरहारी थाना चरखारी को हिरासत में लिया गया जिसके कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक की बोरी मे 30 अदद क्वार्टर नाजायज देशी शराब ठेका झुम बरामद हुई जिस आधार पर थाना चरखारी मु.अ.सं. 63/2024 धारा 60 Ex ACT का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

- उ0नि0 राजेश कुमार शर्मा थाना चरखारी व आबकारी निरीक्षक अर्पित गुप्ता के नेतृत्व में द्वितीय पुलिस टीम ने 01 नफर अभियुक्त शिवप्रसाद कबूतरा पुत्र स्व.गुलाब कबूतरा उम्र करीब 45 वर्ष निवासी कबूतरा डेरा ग्राम सूपा थाना चरखारी को हिरासत में लिया गया जिसके कब्जे से एक पिपिया में 20 लीटर कच्ची शराब नाजायज व शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए व 500 लीटर लहन मौके पर नष्ट किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना चरखारी में मु.अ.सं. 62/24 धारा 60(2) Ex ACT का अभियोग पंजीकृत किया गया।

- उ.नि.सुभाष चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में तृतीय पुलिस टीम ने एक नफर अभियुक्ता जमुना कबूतरा पत्नी नारायण कबूतरा उम्र करीब 51 वर्ष नि0 मोहल्ला कबूतरा डेरा मदारन देवी गेट रामनगर थाना चरखारी को हिरासत में लिया जिसके कब्जे से 01 पिपिया से 10 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 61/2024 अन्तर्गत धारा 60 Ex ACT का अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम का विवरण -

1.उ0नि0 मतगंजन मिश्रा 2. कां0 मो0 कामिल 3. कां0 कुलदीप सिंह थाना चरखारी जनपद महोबा

1.उ.नि. राजेश कुमार शर्मा 2.हे.का.संदीप कुमार 3.का.गौरव बरसैया

4. आबकारी निरीक्षक अर्पित गुप्ता मय हमराह फोर्स

1. उ.नि.सुभाष चन्द्र तिवारी 2. का.वीरेश्वर दत्त मिश्र 3.म. का. सुशीला देवी

# पुलिस कर्मियों ने बच्चों/बुजुर्गों संग बांटी होली की खुशियां...।

जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के मार्गदर्शन पर जनपद महोबा में मनाये जाने वाले सभी त्यौहारों के दौरान जनपदीय पुलिसकर्मी कर्तव्यपराणता का परिचय देते हुए जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता प्रदान करते हैं। इतना ही नहीं इसके सम्मुख वे अपनी और अपने परिवार को मिलने वाली उन अनमोल खुशियों का त्याग करते हैं, जिसकी प्राप्ति शायद ही वे कर सकें। इस स्थिति में त्यौहार में कैसे खुशियों को दोगुना किया जाये इसके लिये जनपद महोबा पुलिस अपने अतुलनीय मार्ग के तहत होली त्यौहार के अवसर अऩाथालय/गांवों के गरीब बच्चों को पिचकारी, रंग, टोपी व बुजुर्गों को मिठाई बांटकर अपने परिवार-अपनी खुशियों को खोजने का कार्य किया है।

**खुशियां बांटने से बढ़ती हैं...** जनपदीय पुलिस द्वारा होली त्यौहार के अवसर अऩाथालय/गांवों के गरीब बच्चों को पिचकारी, रंग, टोपी व बुजुर्गों को मिठाई बांटी गयी जिसे पाकर बच्चे/बुजुर्ग खुशी से खिल उठे ये सब देख पुलिस कर्मियों की होली दोगुनी हो गयी।

● उल्लेखनीय है कि त्यौहार के दौरान जनपद में कहीं किसी प्रकार की घटना न हो इसके लिये सभी थानों की पुलिस अपने-अपने क्षेत्र में गश्त पर है, होली के त्यौहार एवं आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिसकर्मी अपने कर्तव्य को पूरा करते हुए अपने क्षेत्र में बच्चों/बुजुर्गों के चेहरे में खुशी लाने का प्रयास करते हैं। जिसके तहत जनपद महोबा के विभिन्न थानो की पुलिस टीम ने होली त्यौहार के अवसर अऩाथालय/गांवों के गरीब बच्चों को पिचकारी, रंग, टोपी व बुजुर्गों को मिठाई बांटी हैं। इस दौरान पुलिस टीम ने सभी से अपील की है कि आपसी सौहार्द के साथ शान्तिपूर्ण ढंग से त्यौहारों को उल्लास के साथ मनायें। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत सभी से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी तरह कि अफवाह में ध्यान न दें, जनपद महोबा पुलिस प्रशासन जनपद में स्वतंत्र/निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये कटिबद्ध है। जिसके तहत ज्याजा से ज्यादा मतदान कर इस लोकतंत्र के महापर्व अपनी भागीदीरी सुनिश्चित करें।

